कोड-002

# वार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- ग्यारहवीं | विषय - अर्थशास्त्र (वाणिज्य संकाय)

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 80

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. सेवाधारी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 2. प्राथमिक ऑकड़ों से क्या आशय है ?

प्रश्न 3. केन्द्रीय प्रकृति का सर्वाधिक लोकप्रिय माप कौन सा है ?

प्रश्न 4. घनात्मक सहसंबंध किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5. भारत सरकार ने योजना आयोग की स्थापना कब की ?

प्रश्न 6. निर्धनता रेखा क्या है ?

प्रश्न 7. नवीनीकरण संसाधन का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 8. कम्यून का क्या उद्देश्य था ?

प्रश्न 9. सांख्यिकी के मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

उन आवश्यकताओं का चुनाव आप कैसे करेंगे, जिनकी आप पूर्ति करना चाहेंगे ।

प्रश्न 10. आंकड़ों के वर्गीकरण में प्रयुक्त अपवर्जी तथा समावेशी विधियों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 11. सांख्यिकी में सह संबंध के महत्व को समझाइये ।

प्रश्न 12. कुछ क्षेत्रीय और आर्थिक समूहों के उदाहरण दीजिए ।

प्रश्न 13. आधार वर्ष की परिभाषा दीजिए । आधार वर्ष का चुनाव करते समय किन घटकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए ।

अथवा

कीमत सूचकांक तथा मात्रा सूचकांक में क्या अंतर है ?

P.T.O

प्रश्न 14. स्वतंत्रता के समय भातर के समक्ष उपस्थित प्रमुख आर्थिक चुनौतियों को लिखिए।

अथवा

भारत ने योजना को क्यों चुना त्त

प्रश्न 15. उदारीकरण की आवश्यकता के कारणों पर प्रकाश डालिये।

अथवा

वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ? 1991 की आर्थिक नीति में वैश्वीकरण के संबंध में किये गये प्रमुख उपायों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 16. स्वर्णिम क्रांति की व्याख्या कीजिए।

अथवा

क्या आप गांव में रह रहे हैं। यदि आपको ग्राम पंचायत को सलाह देने को कहा जाए तो आप गांव की उन्नति के लिए किस प्रकार के क्रिया कलाप का सुझाव देंगे जिससे रोजगार सृजन भी हो।

प्रश्न 17. पर्यावरण के क्या कार्य है ?

अथवा

आधारिक संरचना किसे कहते हैं ? इसका क्या महत्व है ?

प्रश्न 18. भारत में गरीबी दूर करने हेतु चार सुझाव दीजिए।

अथवा

उर्जा का महत्व क्या है ? उर्जा के व्यावसायिक और गैर व्यावसायिक स्त्रोतों में अंतर कीजिए।

प्रश्न 19. नीचे एक कक्षा के छात्रों के वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रतिशत में श्रेणी अनुसार दिये गये हैं। इस सूचना को पाई चित्र से प्रदर्शित कीजिए।

| प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी | अनुतीर्ण |
|---|---|---|---|
| 25% | 45% | 20% | 10% |

अथवा

निम्नलिखित समंकों के आधार पर विभिन्न शहरों में हुए शिशु मृत्युदर को सरल दंड चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए।

| शहर | मुंबई | नागपुर | पेरिस | कोलकत्ता | लंदन | शिकागो | चेन्नई | बर्लिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मृत्युदर (हजार में) | 274 | 323 | 93 | 244 | 66 | 23 | 251 | 92 |

प्रश्न 20. निम्नलिखित सूचना 150 परिवारों की दैनिक आय से सम्बद्ध है समांतर माध्य का परिकलन कीजिए।

| आय | परिवारों की संख्या |
|---|---|
| 75-85 | 10 |
| 85-95 | 25 |
| 95-105 | 20 |
| 105-115 | 25 |
| 115-125 | 10 |
| 125-135 | 20 |
| 135-145 | 15 |
| 145-155 | 25 |

अथवा

नीचे एक गांव के 380 परिवारों की जोतों का आकार दिया गया है । मध्यिका ज्ञात कीजिए ।

| जोतों का आकार (एकड में) | 100 से कम | 100-200 | 200-300 | 300-400 | 400 तथा अधिक |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवारों की संख्या | 40 | 89 | 148 | 64 | 39 |

प्रश्न 21. निम्नलिखित समंकों का बहुलक ज्ञात कीजिए ।

| वर्गांतर | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 10 | 20 | 18 | 32 | 21 | 10 |

अथवा

निम्नांकित आंकड़ों से प्रमाप विचलन की गणना कीजिए ।

| वर्गांतर | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 |
|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 7 | 20 | 37 | 11 |

प्रश्न 22. नीचे दिये गये आंकड़ों का कीमत मूल्यांनुपात विधि द्वारा निर्देशांक की रचना कीजिए।

| वस्तु | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 में कीमत | 100 | 8 | 2 | 200 | 1 |
| 2014 में कीमत | 200 | 40 | 16 | 800 | 6 |

अथवा

एक ड्रामा प्रतियोगिता में दो जजों ने 10 प्रतियोगियों को निम्नलिखित अंक प्रदान

P.T.O

किए। कोटि गुणांक (सहसंबंध) ज्ञात कीजिए ।

| $x$ | 15 | 17 | 14 | 13 | 11 | 12 | 16 | 18 | 10 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $y$ | 15 | 12 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 10 | 2 | 5 |

प्रश्न 23. विविधीकरण के स्त्रोत के रुप में पशुपालन, मत्स्यपालन और बागवानी के महत्व पर टिप्पणी कीजिए ।

अथवा

जैविक कृषि के लाभ और सीमाएं स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 24. उन विभिन्न कारणों का मूल्यांकन कीजिए जिनके आधार पर चीन में आर्थिक विकास में तीव्र वृद्धि हुई ।

अथवा

वे समान विकासात्मक नीतियां कौन-कौन सी है जिनका कि भारत और पाकिस्तान ने अपने-अपने विकासात्मक पथ के लिए पालन किया है ?

---00--